APP-A
Crim-I

FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम कोटा

नवीन जैन बनाम सरकार

किस्म मुकदमा 136 नं. 8 सन् 2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
2/1/26	ग्राम सेवा शिविर 2025 के तहत आयोजित कैम्प स्थान ग्राम पंचायत रानपुर में प्रार्थी नवीन जैन की ओर से प्रार्थना पत्र राजस्थान भू0 राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत पेश कर निवेदन किया है कि ग्राम रानपुर पटवार हल्का रानपुर में स्थित भूमि खाता संख्या 41 में प्रार्थी का नाम ताराचंद पुत्र धन्ना दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में प्रार्थी का नाम नवीन कुमार जैन पुत्र धन्नालाल दर्ज है। अतः राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी का नाम सही दर्ज किये जाने की कृपा करे। प्रार्थना पत्र के संबंध में तहसीलदार लाडपुरा से जॉच रिपोर्ट प्राप्त की गई। रिपोर्ट में तहसीलदार लाडपुरा द्वारा प्रार्थी का नाम ताराचंद पुत्र धन्ना का राजस्व रिकॉर्ड में नाम ताराचंद उर्फ नवीन कुमार जैन पुत्र धन्ना उर्फ धन्नालाल किये जाने की अनुशंषा की है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर ग्राम रानपुर की जमाबंदी खाता संख्या 41 में प्रार्थी का नाम ताराचंद पुत्र धन्ना के स्थान पर ताराचंद उर्फ नवीन कुमार जैन पुत्र धन्ना उर्फ धन्नालाल दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त निर्णय आज दिनांक 2/1/26 को मेरे द्वारा लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो। (गजेन्द्र सिंह) उपखण्ड अधिकारी कोटा	